कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 09/11/2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में प्रदर्शनी एवं सेल

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौशल विकास के तत्वाधान से पारम्पारिक व्यंजनों-स्नैक्स की प्रदर्शनी एवं विक्रय का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि कौशल विकास के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, तत्पश्चात निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं सेल का आयोजन किया जाता है। इसी तहत छात्राओं को पारपांरिक व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं पैकिंग और मार्केटिंग की जानकारी हेतु महाविद्यालय में ही प्रदर्शनी एवं विक्रय की व्यवस्था की गई।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राएँ अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ भारतीय परम्पराओं एवं कलाओं में निपुण हो कर इन्हें रोजगार के रूप में अपना रही है।

डॉ. तोशिना तेलंग, डॉ. पूजा सोनकर, डॉ. अनामिका वस्त्राकर एवं सुश्री तबस्सुम के कुशल मार्ग निर्देशन में छात्राओं ने परंपरागत व्यंजनों में वर्तमान आवश्यकतानुसार कुछ परिवर्तन कर आधुनिकता का समावेश किये। मूंगदाल चिप्स, पेपर/बटर मसाला बनाना चिप्स आदि प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रहीं।

छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्राध्यापकों एवं स्टॉफ ने पकवानों की बढ़-चढ़कर खरीदी करी।






*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)**
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)